Early Childhood Australia
A voice for young children

# आचार सँहिता



## दृष्टिकोण

जो व्यावसायिक इस आचार सँहिता का पालन करते हैं, वे सभी बच्चों के सर्वोत्तम हित में कार्य करते हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करते हैं कि प्रत्येक बच्चे का कल्याण हो और वह सीख पाए।

## प्रस्तावना

प्रारंभिक बाल्यकाल ऑस्ट्रेलिया (Early Childhood Australia) इस बात को मान्यता देता है कि आदिवासी और टॉरेस स्ट्रेट द्वीपवासियों ने हज़ारों सालों से इस देश में बच्चों का पालन-पोषण किया है और उन्हें सिखाया-पढ़ाया है। यह *आचार सँहिता* आदिवासी और टॉरेस स्ट्रेट द्वीपवासियों के बच्चों के पालन-पोषण करने और देखभाल करने के पारंपरिक तरीके को मान्यता देती है।

यह *आचार सँहिता सँयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार सम्मेलन* (1991) के सिद्धाँतों और *स्वदेशी लोगों के अधिकारों की घोषणा* (2007) द्वारा सूचित है। आचार सँहिता उन  बाल्यकाल व्यावसायिकों के नैतिक दायित्वों के प्रतिबिंबन के लिए एक आकाँक्षात्मक रूपरेखा होती है, जो बच्चों और उनके परिवारों के साथ या उनके लिए काम करते हैं। इस *आचार सँहिता* में बच्चों की सुरक्षा और कल्याण को सर्वोपरि माना गया है और इसलिए अनैतिक कार्यों के होने पर उनके बारे में सूचना देना या कार्यवाही करना एक महत्वपूर्ण व्यावसायिक जिम्मेदारी है।

नैतिक होने से अर्थ यह है कि रोज़मर्रा के कार्य-कलापों और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं के बारे में सोचा जाए, चाहे वे व्यक्तिगत या सामूहिक हों, और साथ ही सभी संबंधित लोगों को सम्मान के साथ उत्तर दिए जाएँ। *आचार सँहिता* इस बात को मान्यता देती है कि बाल्यकाल व्यावसायिक परिवारों, सहकर्मियों और समुदाय के साथ अपने संबंधों में विश्वास और प्रभाव की एक अनोखी स्थिति में होते हैं, इसलिए व्यावसायिक जवाबदेही एक महत्वपूर्ण बात है।

## मूल सिद्धाँत

इस *आचार सँहिता* के मूल सिद्धाँत इस व्यवसाय के मौलिक और बहुमूल्य मूल्यों पर आधारित हैं। वे नैतिक जिम्मेदारियों के संबंध में निर्णय लेने की दिशा में कार्य करते हैं। इन मूल सिद्धाँतों में बच्चों, परिवारों, सहकर्मियों और समुदायों के अधिकारों और गरिमा का सम्मान करने और उन्हें बनाए रखने की प्रतिबद्धता की आवश्यकता है।

- प्रत्येक बच्चे के पास अनोखी अभिरुचियाँ और सामर्थ्य तथा अपने समुदायों के प्रति योगदान करने की क्षमता होती है।
- बच्चे जन्म से ही नागरिक, साँस्कृतिक, भाषाई, सामाजिक और आर्थिक अधिकारों वाले नागरिक होते हैं।
- प्रभावी तरीके से सीखना और शिक्षण उपलब्ध कराना व्यावसायिक निर्णय होते हैं जो विशेष ज्ञान और कई तरह के दृष्टिकोणों पर केंद्रित होते हैं।
- परिवारों और समुदायों के साथ भाग लेना बच्चों के शिक्षण, विकास और कल्याण के लिए साझी जिम्मेदारी का समर्थन करता है।
- लोकताँत्रिक, निष्पक्ष और समावेशी पद्धतियाँ समानता और जुड़ाव की एक प्रबल भावना को बढ़ावा देती हैं।
- सम्मानजनक, उत्तरशील और पारस्परिक संबंध बच्चों की शिक्षा और देखभाल के लिए केंद्रीय हैं।
- खेल और अवकाश बच्चों के सीखने, विकास और कल्याण के लिए आवश्यक होते हैं।
- अनुसंधान, गवेषणा और अभ्यास पर आधारित साक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और देखभाल को सूचित करते हैं।

# कार्य करने के लिए प्रतिबद्धताएँ

## बच्चों के साथ संबंध में, मैं:

- सभी बच्चों के सर्वोपरि हित में काम करूँगा/करूँगी
- ऐसे सुरक्षित, स्वस्थ, समावेशी वातावरण बनाने और बनाए रखने का समर्थन करूँगा/करूँगी, जो बच्चों की कार्यक्षमता और सीखने को बेहतर बना सकें
- बच्चों की शिक्षा को समृद्ध करने के लिए एक अर्थपूर्ण पाठ्यक्रम प्रदान करूँगा/करूँगी, जो बच्चे और शिक्षक द्वारा आरंभ किए गए अनुभवों के बीच संतुलन बना सके
- यह समझने का प्रयास करूँगा/करूँगी कि बच्चों के सीखने, विकास और कल्याण में खेल और अवकाश कैसे वृद्धि करते हैं और इसे दूसरों को समझाने में भी सक्षम रहूँगा/रहूँगी
- यह सुनिश्चित करूँगा/करूँगी कि बचपन यहाँ और अब उपस्थित होने के बारे में है, न कि केवल भविष्य के लिए तैयारी करने के बारे में
- पर्यावरण और मानवता के लिए हमारी साझा जिम्मेदारियों के बारे में सीखने के लिए बच्चों के साथ विश्व के नागरिकों के रूप में सहयोग करूँगा/करूँगी
- बच्चों और उनके परिवारों के बीच संबंधों को महत्व दूँगा/दूँगी और अपने कार्य-कलापों के माध्यम से इन संबंधों को बढ़ावा दूँगा/दूँगी
- यह सुनिश्चित करूँगा/करूँगी कि बच्चों के साथ उनके लिंग, यौन-अभिविन्यास, आयु, क्षमता, आर्थिक परिस्थिति, परिवार की संरचना, जीवन-शैली, जातीयता, धर्म, भाषा, सँस्कृति या राष्ट्रीय मूल के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता है
- अनुसंधान में बच्चों की प्रतिभागिता को सुलभ करने का प्रयास करूँगा/करूँगी, जिसमें उनकी सुरक्षा, गोपनीयता, थकावट और अभिरुचि के स्तरों को ध्यान में रखा जाएगा
- बच्चों के सीखने, शिक्षण और आकलन में अपने दृष्टिकोणों को शामिल करके उनका सक्षम छात्रों के रूप में सम्मान करूँगा/करूँगी
- बच्चों के बारे में जानकारी और दस्तावेजों की गोपनीयता को सुरक्षित रखूँगा/रखूँगी, विशेषकर जब इसे डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से साझा किया जाए।



## व्यवसाय के सम्बन्ध में, मैं:

- अपने कार्य को अनुसंधान, सिद्धाँतों, सामग्री ज्ञान, कार्य करने के साक्ष्यों और जिन बच्चों और परिवारों के साथ मैं काम करता/करती हूँ, उनके बारे में अपनी समझ के ऊपर आधारित करूँगा/करूँगी
- अपने व्यावसायिक मूल्यों, ज्ञान और कार्य-कलापों को स्पष्ट करने और समाज के प्रति अपने व्यवसाय के सकारात्मक योगदान देने के लिए जिम्मेदारी लूँगा/लूँगी
- अपने और इस व्यवसाय के बारे में ज्ञान का निर्माण करने वाले महत्वपूर्ण प्रतिबिंबन, निरंतर जारी रहने वाले व्यावसायिक शिक्षण और समर्थन अनुसंधान में योगदान दूँगा/दूँगी
- अपनी व्यावसायिक भूमिका के दायरे के अंदर काम करूँगा/करूँगी और अपनी व्यावसायिक क्षमता और योग्यता के बारे में गलत प्रतिनिधित्व नहीं करूँगा/करूँगी
- इस व्यवसाय के अंदर नैतिक नेतृत्व के गुणों और प्रथाओं को प्रोत्साहित करूँगा/करूँगी
- महत्वाकाँक्षी व्यावसायिकों के रूप में छात्रों के लिए रचनात्मक प्रतिक्रिया का निरूपण करूँगा/करूँगी और सकारात्मक मूल्याँकन प्रदान करूँगा/करूँगी
- व्यवसाय में नए स्नातकों के उत्प्रेरण का समर्थन करके उन्हें सलाह दूँगा/दूँगी
- अपने व्यवसाय और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व देखभाल के प्रावधान को आगे बढ़ाने के लिए कहूँगा/कहूँगी।



## सहकर्मियों के संबंध में, मैं:

- दूसरों को इस सँहिता को अपनाने और इसके अनुसार कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करूँगा/करूँगी, और अनैतिक व्यवहार किए जाने पर कार्यवाही करूँगा/करूँगी
- विश्वास, सम्मान और ईमानदारी पर आधारित सहयोगी संबंधों के माध्यम से सहकर्मिता और व्यावसायिकता की भावना का निर्माण करूँगा/करूँगी
- साझा व्यावसायिक ज्ञान, समझ और कुशलताओं का निर्माण करने के लिए सहकर्मियों के अलग-अलग सामर्थ्यों और अनुभवों को स्वीकार करूँगा/करूँगी और उनका समर्थन करूँगा/करूँगी
- साझा दृष्टिकोण और कार्यों हेतु बातचीत करने के लिए राय के मतभेदों को संबोधित करने के प्रति रचनात्मक प्रक्रियाओं का उपयोग करूँगा/करूँगी
- सतत सुधार को समर्थन देने के लिए 'व्यावसायिक गवेषणा की जीवंत सँस्कृति' में भाग लूँगा/लूँगी
- व्यवसाय के प्रति सकारात्मक योगदान देने के लिए सहकर्मियों को समर्थन दूँगा/दूँगी और संरक्षक योजनाओं को लागू करूँगा/करूँगी
- अपने ऑनलाइन आदान-प्रदानों में नैतिक संबंधों को बनाए रखूँगा/रखूँगी।

# कार्य करने के लिए प्रतिबद्धताएँ



## परिवारों के साथ संबंध में, मैं:

- बच्चों के सर्वप्रथम और सबसे महत्वपूर्ण शिक्षक के रूप में परिवारों का समर्थन करूँगा/करूँगी और अपने बच्चों के बारे में निर्णय लेने के उनके अधिकार का सम्मान करूँगा/करूँगी
- बच्चों के सीखने, विकास और कल्याण के संबंध में परिवारों की बात सुनूँगा/सुनूँगी और साझा निर्णय लेने, नियोजन और मूल्याँकन के कार्य में सँलग्नता प्रदर्शित करूँगा/करूँगी
- परिवारों के साथ सँलग्नता को प्रोत्साहित करने और जुड़ाव की प्रबल भावनाओं का निर्माण करने के उद्देश्य से खुले सँचार के आधार पर सम्मानजनक संबंधों का विकास करूँगा/करूँगी
- प्रत्येक परिवार, उसकी परिस्थितियों, सँस्कृति, परिवार की सँरचना, रीति-रिवाजों, भाषा, विश्वासों और संबंधी प्रणालियों की विशिष्टता के बारे में जानकारी प्राप्त करूँगा/करूँगी, उनका सम्मान करूँगा/करूँगी और उत्तर दूँगा/दूँगी
- परिवारों के गोपनीयता के अधिकार का सम्मान करूँगा/करूँगी और उनकी गोपनीयता बनाए रखूँगा/रखूँगी।



## समुदाय और समाज के संबंध में, मैं:

- बच्चों के शिक्षण, विकास और कल्याण को बढ़ावा देने हेतु जवाबदेह कार्यक्रम बनाने के लिए स्थानीय समुदाय के संदर्भ और आकाँक्षाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करूँगा/करूँगी
- बच्चों और परिवारों का समर्थन करने वाली साझा समझ और कार्य-कलापों को विकसित करने के लिए लोगों, सेवाओं और सँस्थाओं के साथ सहयोग करूँगा/करूँगी
- एक ऐसे समाज को बढ़ावा देने हेतु अनुसंधान और अभ्यास पर आधारित साक्ष्य का उपयोग करूँगा/करूँगी, जिसमें सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और देखभाल प्राप्त हो सके
- प्रबल समुदायों के विकास के लिए नागरिकों के रूप में बच्चों के योगदान के मूल्य को बढ़ावा दूँगा/दूँगी
- बच्चों के लिए लाभप्रद कार्यक्रमों और आकलनों के तंत्र को सूचित करने के लिए बाल्यकाल के अभिमूल्यन को बढ़ाकर आगे समर्थन देने के लिए कार्य करूँगा/करूँगी, जिसमें बच्चों के सीखने और विकसित होने के बारे में ज्ञान भी शामिल होगा
- ऐसे कानूनों और नीतियों के विकास और कार्यान्वयन के लिए कहूँगा/कहूँगी जो बच्चों और परिवारों के अधिकारों और सर्वोत्तम हितों को बढ़ावा देते हैं।







## ईसीए की आचार सँहिता में उपस्थित पदों की परिभाषाएँ

**आचार सँहिता -** व्यवसाय के मूल आकाँक्षात्मक मूल्यों को परिभाषित करती है और व्यावसायिक निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती है, विशेष रूप से जब परस्पर विरोधी दायित्व या जिम्मेदारियाँ मौजूद हों।

**मूल सिद्धाँत -** व्यवसाय के मौलिक और बहुमूल्य मूल्य।

**परिवार -** जिन लोगों के बच्चों के साथ महत्वपूर्ण संबंध व देखभाल और/या रिश्तेदारी के संबंध होते हैं।

**बाल्यकाल व्यावसायिक -** वह व्यक्ति जो बच्चों और उनके परिवारों के साथ उनकी शिक्षा और देखभाल का कार्य करता है।

**समुदाय -** एक ही स्थान पर रहने वाले या एक विशिष्ट साझी विशेषता वाले लोगों का समूह।

**सहकर्मी -** इसमें कार्य-नियोक्ता और वे लोग शामिल हैं जिनके साथ आप सीधे तौर पर या ज़्यादातर काम करते/करती हैं।

**छात्र -** एक माध्यमिक या तृतीयक सँस्थान में अध्ययन करने वाला व्यक्ति।

## अभिस्वीकृति

ऑस्ट्रेलियाई प्रारंभिक बाल्यकाल व्यवसाय के लिए सबसे पहली *आचार सँहिता* को 1988 में विकसित किया गया था; 19 वर्षों के लिए इसे व्यापक रूप से उद्धृत किया गया था और इसका उपयोग किया गया था। *आचार सँहिता* की पहली समीक्षा 2003 में शुरू हुई थी और इसका दूसरा सँस्करण 2007 में जारी किया गया था। *आचार सँहिता* की दूसरी समीक्षा 2014 में शुरू हुई थी, जिसके बाद फरवरी 2016 में ईसीए राष्ट्रीय बोर्ड द्वारा तीसरे (वर्तमान) सँस्करण को अनुमोदित किया गया था।

ईसीए उन सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करता है जिन्होंने *आचार सँहिता* के विकास और निरंतर समीक्षा के लिए योगदान दिया है, जिसमें वे लोग भी शामिल हैं जिन्होंने कई वर्षों की अवधि के दौरान परामर्श सर्वेक्षणों, मंचों और कार्यशालाओं में भाग लिया है, और साथ ही वे भी शामिल हैं जिन्होंने संदर्भ और सलाहकार समूहों में अपनी सेवा के माध्यम से परामर्श और पर्यवेक्षण उपलब्ध कराया है। हम विशेष रूप से सँहिता के प्रत्येक सँस्करण को लिखने में संलग्न हुए लोगों को अभिस्वीकृति देना चाहते हैं।

पीओ बॉक्स 86, डीकिन पश्चिम, एसीटी 2600

1800 356 900 (नि:शुल्क कॉल)

टे: (02) 6242 1800

फै: (02) 6242 1818

ई: eca@earlychildhood.org.au

www.earlychildhoodaustralia.org.au